प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'चौंतीस' [ 20/7/2016]

प्रश्न सं. [ क्र. 1261 ]

# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कटनी (म0प्र0)

## जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक का कार्यवाही विवरणः–

दिनांक 12.04.2016 को सायं 04–30 बजे कलेक्टर कटनी के सभाकक्ष में श्री प्रकाश जांगरे ,कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/जनप्रतिनिधिगण उपस्थित हुएः–

| क0 | नाम अधिकारी /गणमान्य नागरिक | पदनाम |
|---|---|---|
| 01 | श्री यशपाल सिंह राजपूत | अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ,कटनी |
| 02 | श्री राजीव श्रीवास्तव | उप खण्ड मजिस्ट्रेट ,कटनी |
| 03 | श्री शशिकांत शुक्ला | नगर पुलिस अधीक्षक ,कटनी |
| 04 | श्री एस0के0 सिंह | आयुक्त ,नगर निगम कटनी |
| 05 | श्री झारिया ,यातायात निरीक्षक | कटनी |
| 06 | श्री एम0के0बेलिया | सहायक संचालक जनसंपर्क अधिकारी कटनी |
| 07 | श्री एम0डी0 मिश्रा | अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कटनी |
| 08 | श्री दिनेश तिवारी | सहायक यंत्री ,एम0पी0ई0बी0 कटनी |
| 09 | श्री आर0एल0 गजभिये | सहायक यंत्री ,एम0पी0ई0बी0 कटनी |
| 10 | श्री सुनील मिश्रा | भूतपूर्व विधायक ,कटनी |
| 11 | श्री मिथलेश जैन | पार्षद एवं नेताप्रतिपक्ष नगर निगम कटनी |
| 12 | श्री करण सिंह चौहान | जिला अध्यक्ष ,कांग्रेस कटनी |
| 13 | श्री एस0नेलशन् | प्राचार्य , बर्डस्ले स्कूल कटनी |
| 14 | श्री राजेश नायक सौरभ | पूर्व जिला अध्यक्ष ,जनता दल यू0 कटनी |
| 15 | श्री विन्देश्वरी पटैल | जिला अध्यक्ष ,लोकतांतित्रक सामाजवादी पार्टी |
| 16 | श्री अजय सरावगी | ज0दल |
| 17 | श्री दीपक त्रिपाठी | गणमान्य नागरिक |

श्री प्रकाश जांगरे , कलेक्टर, जिला कटनी की अध्यक्षता में आयोजित जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक दिनांक 12–04–2016 का कार्यवाही विवरण निम्नानुसार हैं :–

पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा शहर की यातायात सुधार हेतु आवश्यक सुझाव पर कार्यवाही विवरण निम्नानुसार हैं :–

1– सागर पुलिया के दोनो तरफ नाली के उपर मोटी प्लेटे डालकर रोड चौडीकरण किया जा सकता है ,जिससे पैदल यात्री दोनों तरफ से आ–जा सकते हैं । ( कार्यवाही आयुक्त ,नगर निगम कटनी )

2– सागर पुलिया के अलावा अन्य वैकल्पिक मार्ग बनाया जावे , जो कि पूर्व में सागर पुलिया के बगल से रेल्वे गेट से जाने वाले रास्ता को खुलवाया जावे ,ताकि सागर पुलिया के नीचे जाम लगने पर उक्त रोड से यातायात को निकलवाया जा सके । करबला रोड से गाडरघाट होते हुए वैकल्पिक मार्ग का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है । ( कार्यवाही आयुक्त ,नगर निगम कटनी )

3– थाना तिराहा से रेल्वे स्टेशन तक तथा थाना तिराहा शासकीय अस्पताल तक स्थाई डिवाइडर होने से यातायात सुचारू रूप से चलेगा । थाना तिराहा से रेल्वे स्टेशन तक तथा थाना तिराहा शासकीय अस्पताल तक फुटकर सब्जी विक्रेताओं के द्वारा अवैधानिक रूप से अतिक्रमण कर सब्जी का व्यवसाय किया जा रहा है , उन्हें तत्काल हटाया जावे । उक्त फुटकर सब्जी व्यवसाय हेतु उपयुक्त स्थल चयन कर व्यवस्था करें । ( कार्यवाही नगर पुलिस अधीक्षक कटनी एवं आयुक्त ,नगर निगम कटनी )

— 2 —



अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन,
गृह (पुलिस) विभाग

4– थाना तिराहा से हनुमान तिराहा तक रोड के किनारे अस्थाई अतिक्रमण हटाया जावे ,जिससे
रोड चौडी हो जावेगी तथा यातायात सुचारू रूप से चल सकेगा । ( कार्यवाही आयुक्त ,नगर निगम
कटनी )
5– खिरहनी ओव्हर ब्रिज के नीचे दो पहिया एवं चार पहिया वाहन के लिये पार्किंग बनने से बैंक
के सामने खडे होने वाले या अन्य वाहन जो सड़क पर खडे होते हैं निजात मिल सकेगी । बैंक कें
पास बैंक की पार्किंग ब्रिज कें नीचे किया जाना है । ( कार्यवाही आयुक्त ,नगर निगम कटनी )
6– सुभाष चौक एवं जवाहर चौक से लक्ष्मीबाई तिराहा (तहसीली चौक) तक का रोड के किनारे का
अस्थाई अतिक्रमण हटाया जावे ,जिससे रोड चौडी होकर यातायात हेतु सुगम हो सके । अस्थायी
अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आयुक्त ,नगर निगम एवं नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा की जावेगी ।
7– ए0आर0टी0ओ0 कार्यालय शहर के बाहरी हिस्से में स्थानांतरण किया जावे ताकि वाहन फिटनेस
के लिये आने वाले वाहनों को मिशन चौक से न गुजरना पड़े । ए0आर0टी0ओ0 कार्यालय का
स्थानांतरण यथा प्रस्तावित है । ( कार्यवाही ए0आर0टी0ओ0 )
8– घंटाघर राम लीला मैदान में खड़े होने वाले लोडर वाहनों का तिलक राष्ट्रीय स्कूल का कैम्पस
उचित स्थान है किन्तु गंदगी एवं सुअर पालकों के कारण तथा तिलक राष्ट्रीय स्कूल में जाने का
रास्ता सकरा होने के कारण कोई वाहन नहीं जाना चाहता अतः प्रवेश द्वार स्थित नाले के उपर
स्लेप डालकर एप्रोच मार्ग का चौडा किया जा सकता है एवं अन्दर ग्राउण्ड की साफ–सफाई
करवाकर वाहनों को तिलक राष्ट्रीय स्कूल कैम्पस में खड़ा होने के लिये व्यवस्था की जा सकती है ।
( कार्यवाही आयुक्त ,नगर निगम कटनी )
9– नगर निगम कटनी द्वारा आटो रिक्शा हेतु निर्धारित आटो स्टैण्ड बनाये जाने चाहिये तथा शहर
में आटो की संख्या क्षमता से अधिक है , अतः नये आटो के रजिस्ट्रेशन पर प्रतिबंध होने से यातायात
व्यवस्था में सहयोग होगा । ए0आर0टी0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया है कि शहर में 2100 ऑटो
रिक्शा के परमिट जारी किये गये है । ऑटो रिक्शों के रजिस्ट्रेशन किये जावेंगे किन्तु परमिट जारी
नहीं किये जावेंगे । तथा शहर में चलने वाले ऑटो रिक्शा तथा देहात में चलने वाले ऑटो रिक्शा
मय अलग–अलग कलर के स्टीकर लगायें जायें जिसमें वाहन का रजिस्ट्रेशन ,मालिक का नाम मो0
नं0 भी लिखा जाये का निर्णय लिया गया है । (कार्यवाही ए0आर0टी0ओ0 कटनी )
10– माधवनगर गेट के पास की होर्डिंग हटाई जावे तथा माधवनगर गेट की नाली के उपर रोड
बनाया जावे जिससे यातायात सुचारू रूप से चल सके । होर्डिंग हटाई जावे तथा सड़क के दोनों
ओर लेफ्ट टारनिंग बनाई जाये ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सके । ( कार्यवाही आयुक्त ,नगर
निगम कटनी )
11– चांडक चौक से घंटाघर का रोड चौडीकरण होना चाहिये ,जिससे यातायात सुचारू रूप से
चल सकें । आयुक्त ,नगर निगम कटनी द्वारा अवगत कराया गया है कि अतिक्रमण हटाने की
कार्यवाही प्रचलन में है। बजट उपलब्ध होने पर तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जावेगी।
( कार्यवाही आयुक्त ,नगर निगम कटनी )
12– बरही नाका (दिलबहार चौक) के पास मार्केट बना हुआ है ,मार्केट के सामने एवं शकर टॉकीज
रोड तरफ उंचा चबूतरा बना हुआ है ,जिसे दो पाहिया एवं चार पाहिया वाहन रोड में पार्किंग करते
हैं । यदि दोनों तरफ से चबूतरा हटवा दिया जावे तो पार्किंग की सुविधा हो सकती है । (आयुक्त
नगर निगम कटनी परीक्षण कार कार्यवाही करें )
13– जैन बोर्डिंग स्कूल के सामने नाली के उपर रोड बनवायी जावे जिससे गांधी द्वार के सामने
लगने वाले जाम से निजात मिल जावेगी । (कार्यवाही आयुक्त नगर निगम कटनी )
14– जैन बोर्डिंग स्कूल के सामने जैन मंदिर के पीछे दीवाल से लगी दुकानें जो अतिक्रमण करके
बनायी गई है उन्हें हटवाया जावे तथा उसी से लगी झंडा बाजार तरफ जाने वाले रास्ते की दुकान
भी हटवाने से यातायात में सुधार आ सकता है । (कार्यवाही आयुक्त नगर निगम कटनी )

– 3 –

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन,
गृह (पुलिस) विभाग

15– बस स्टैण्ड से जबलपुर तरफ जाने वाले बसें मिशन चौक में खडी होती हैं उनको सागर पुलिया कास करने के बाद स्थित बस स्टॉप पर किया जावे । (कार्यवाही नगर पुलिस अधीक्षक कटनी एवं आयुक्त नगर निगम कटनी )

16– ऑटो स्टैण्ड एवं ऑटो का रूट निर्धारण (कार्यवाही आयुक्त नगर निगम कटनी एवं ए0आर0टी0ओ0 कटनी )

17– सब्जी वाले ठेले का स्थान निर्धारित करना – आयुक्त , नगर निगम स्थल का चयन कर शीघ्र कियांवयन की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे ।

18– नगर निगम की हाका गेंग द्वारा शाम 04–00 बजे से रात्रि 09–00 बजे तक मुख्य बाजार में घूम–घूम कर कार्यवाही कराई जावे ताकि आवारा पशु तथा सब्जी विकेता रोड में बैठ सके (कार्यवाही आयुक्त ,नगर निगम कटनी )

अतिरिक्त बिन्दु :–

1– माधवनगर गेट से भारी वाहनों का प्रतिबंध – नो एन्ट्री के बाद भारी वाहनों का प्रवेश व निकासी माधवनगर गेट से हो रहा है वे सभी भारी वाहन झिंझरी जेल होते हुए माधवनगर क्षेत्र में प्रवेश करेंगे (पालन कार्यवाही यातायात पुलिस द्वारा की जावेगी )

2– मिशन चौक पर वार्डस्ले स्कूल के सामने बस स्टॉप स्थित चाय पान के दुकानों पर तम्बाखू युक्त गुटकों पर रोक लगाया जाये ( कार्यवाही थाना कोतवाली कटनी )

3– वार्डस्ले स्कूल की छूटने के समय छात्र –छात्राओं को लेने आने वाले ऑटो रिक्शा ,साईकिल रिक्शा एवं अन्य वाहन जो रोड पर खडे होते हैं , वे सभी वाहन स्कूल कैम्पस के अन्दर खडे होंगे , ताकि यातायात व्यवस्था बाधित न हो सके । (कार्यवाही स्कूल प्रबंधक एवं यातायात पुलिस )

4– हनुमान मंदिर से लल्लू भैया की मूर्ति के सामने से कारगिल चौक से ज्वाला चक्की रोड पर वनवे किया जावे । इसी प्रकार गर्ग चौराहा से गोल बाजार लल्लू भैया की मूर्ति के बायें तरफ से सुभाष चौक रोड पर वनवे किया जावें । (कार्यवाही आयुक्त ,नगर निगम कटनी )

5– गोल बाजार कांच मंदिर के पास बिजली खंभे लगना चाहिये परन्तु विवाद के कारण पोल नहीं लग पाया है उसे पुलिस की मदद से खंभा गडाये जाने की कार्यवाही की जावे । (एम0पी0ई0बी0 एवं नगर पुलिस अधीक्षक कटनी )

6– सडक पर पानी फैलाने पर प्रतिबंध लगाया जाये । (कार्यवाही आयुक्त ,नगर निगम कटनी )

7– घंटाघर क्षेत्र में स्थित ट्रांसपोर्ट को हटाकर ट्रोंसपोर्ट नगर में बसाया जाये । (कार्यवाही आयुक्त नगर निगम कटनी )

8– झण्डा बाजार जैन मंदिर के सामने जैन ध्यान केन्द्र जिसका कोई उपयोग नहीं हो रहा है उसको हटाकर पार्किंग व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है । (कार्यवाही आयुक्त ,नगर निगम कटनी )

9– तहसील ,वन विभाग , पी0डब्ल्यू0डी0 , एम0पी0ई0बी0 ,पशु चिकित्सा आदि के कार्यालय शहर के बाहर किया जाना प्रस्तावित है । (कार्यवाही सभी विभाग प्रमुख )

10– एन0एच0–7 पर माधवनगर गेट से सागर पुलिया तक बने डिवाइडर के बीच नगर निगम द्वारा पौधे लगाये गये हैं जो काफी उंचे हो गये है उसे छटवाया जाये , डिवाइडर पर से कोई कास न करे ,सुरक्षा हेतु फेसिंग लगवाया जाये । (कार्यवाही आयुक्त ,नगर निगम कटनी )

11– ट्रांसपोर्ट नगर योजना :– नवीन ट्रांसपोर्ट नगर में अतिशीघ्र भू–खण्ड आवंटन की कार्यवाही करें । (कार्यवाही आयुक्त ,नगर निगम कटनी एवं अध्यक्ष ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन कटनी )

अंत में कलेक्टर महोदय द्वारा उपस्थित सदस्यों को धन्यावाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्त की गई ।

23.4.16

( प्रकाश जांगरे )
कलेक्टर
जिला–कटनी

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन,
गृह (पुलिस) विभाग